राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706106 (O);

पत्रांकः CCE/ Acad./2020/Spl./ 02; Date: 31st March 2020

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान

विषय: Work From Home में तैयार किये गए विडियो लेक्चर को महाविद्यालय के youtube चैनल पर अपलोड करने के सन्दर्भ में I

सन्दर्भ: Work From Home के लिए जारी आदेश दिनांक 25.3.2020 व चैनल के लिए जारी समसंख्यक पत्रांक F()अकाद /आकाशि/705-11दिनांक 15.1.2020

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि "Work From Home" के लिए जारी आदेशों की अनुपालना में सभी महाविद्यालयों में संकाय सदस्यों ने e-content तैयार करने व इसे विद्यार्थियों के साथ शेयर कर उनको लाभान्वित करने में सराहनीय कार्य किया है। लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या शीघ्र ही 1 लाख पहुँचने वाली है I

विभाग ये चाहता है कि सभी महाविद्यालय के संकाय सदस्यों के द्वारा तैयार विडियो लेक्चर सम्पूर्ण राजस्थान के विद्यार्थियों तक पहुंचे, इस हेतु यह निर्णय लिया गया है कि सभी महाविद्यालयों को अपने यू -ट्यूब चैनल बनाने हैं तथा उस चैनल पर अपने संकाय सदस्यों द्वारा तैयार विडियो लेक्चर निरंतर अपलोड करने हैं तथा इन Youtube चैनल के लिंक का प्रचार प्रसार ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों में करना है।

पत्रांक F()अकाद /आकाशि/705-11 दिनांक 15.1.2020 (पुनः संलग्न) द्वारा चयनित महाविद्यालयों को यू-ट्यूब चैनल बनाने हेतु बिन्दुवार निर्देश दिए गए थे I उस आधार पर जिन महाविद्यालयों ने अपने चैनल नहीं बनाए हैं, वे अब Youtube चैनल तैयार करलें तथा इस तैयार चैनल के यूजर ID व पासवर्ड अपने संकाय सदस्यों से शेयर करलें जिससे वे अपने विडियो लेक्चर उस पर अपलोड कर विद्यार्थियों से उस विडियो का लिंक शेयर कर सकें I इस प्रकार हमारे Youtube चैनल आगामी सत्र में e-content शेयर करने के लिए समृद्ध हो जायेंगे। Youtube चैनल पर अपलोड विडियो के लिंक शेयर करने से whatsapp आदि सोशल मीडिया पर मेमोरी सम्बन्धी समस्या भी नहीं होगी I जिन महाविद्यालयों ने पूर्व में Youtube चैनल बना लिए हैं वे नया चैनल नहीं बनाएं I

यह एक सतत प्रक्रिया है तथा समस्त टॉपिक कवर करते हुए यह प्रक्रिया पूर्ण करनी है। I

वर्तमान में राज्य के सभी महाविद्यालयों में विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी कर रहें है इसलिए परीक्षा उपयोगी विषयवस्तु को प्राथमिकता दें I महाविद्यालय के Youtube चैनल का प्रचार प्रसार किया जाये जिससे इन विडियो को अधिकतम विद्यार्थियों द्वारा देखा सकें I

इस संबंध में तैयार Youtube चैनल की सूचना "Work From Home" स्प्रेडशीट पर प्रतिदिन भरवाना सुनिश्चित करें I

प्रदीप कुमार बोरडIAS ,
आयुक्त ,कॉलेज शिक्षा

वेबसाइट प्रभारी आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को वेबसाइट पर अपलोड करें I

आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान

अत्यावश्यक

क्रमांक :F() /अकाद /आकाशि/ 705-11 दिनांक 15.1.2020

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय ( संलग्न सूची अनुसार )
राजस्थान

विषय : महाविद्यालय में मोबाइल के माध्यम से की गई रिकॉर्डिंग को YouTube पर अपलोड करने के संदर्भ में।

संदर्भः संख्यक पत्रांक 558-564 दिनांक 27.11.2019, पत्रांक 581 दिनांक 3.12.2019 एवं पत्रांक 600-04, दिनांक 11.12.2019 I

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में समस्त महाविद्यालयों में रिकॉर्डिंग का सराहनीय कार्य हुआ है। इन रिकॉर्डेड व्याख्यानों को DRAC के माध्यम से अनुमोदन करवाने हेतु भी निर्देशित किया किया था। DRAC के अंतर्गत अनुमोदन में किसी भी प्रकार के विलंब की स्थिति में, आदिनांक 15.1.2020 तक रिकॉर्डेड व्याख्यानों को महाविद्यालय स्तर पर ही विशेषज्ञ समिति का गठन करते हुए अनुमोदित करवा कर 18.1.2020 तक अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करें। भविष्य में भी रिकॉर्डेड व्याख्यानों को अनुमोदन उपरान्त तत्काल अपलोड करवाये जाने की प्रक्रिया की अनुपालना सुनिश्चित करें I

महाविद्यालय अपने स्तर पर एक YouTube चैनल निम्नानुसार create करें I

1. महाविद्यालय के gmail account से एक YouTube चैनल create करें I
2. सभी महाविद्यालयों के YouTube चैनल का आरम्भ "cceraj" से व last नाम में सिर्फ "class" होगा।इनके मध्य में महाविद्यालय का नाम निम्नानुसार रखें

   उदाहरणार्थ: राजकीय महाविद्यालय कोटा का चैनल ccerajgckota class बनाएं जिसमें आरम्भ cceraj से एवं अंत class से किया गया है और इनके मध्य में " राजकीय महाविद्यालय कोटा " को gckota लिखा गया है I राजकीय महाविद्यालय के कन्या महाविद्यालय होने की स्थिति में gc के स्थान पर ggc का प्रयोग करें जैसे की राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा के लिए मध्य में ccerajggckota class बनाएं।

   इसी तरह हर महाविद्यालय अपने महाविद्यालय का संक्षिप्त नाम मध्य में रखते हुए चैनल create करें।

3. चैनल create करने के उपरान्त अपने महाविद्यालय के व्याख्यानों को अपलोड करने की सामान्य प्रक्रिया अपनाते हुए अपलोड करें I
4. महाविद्यालय स्तर पर create किये गए चैनल का प्रचार प्रसार संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों के माध्यम से प्राचार्य अपने स्तर पर करवाया जाना सुनिश्चित करें I

चैनल create करने के उपरान्त महाविद्यालय **चैनल का नाम** व उस पर **अपलोड किये गए व्याख्यानों** की सूचना सम्बंधित संकाय सदस्य प्रतिदिन नीचे दी गई सारणी अनुसार सम्बन्धित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से whatsapp पर दें। साथ ही **रिकॉर्डेड व्याख्यानों** की अद्यतन स्थिति से भी सम्बंधित अधिकारियों को प्रतिदिन अवगत करवाएं I

| क्रमांक | अधिकारी का नाम | मोबाइल नंबर | संभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ सौमित्रनाथ झा | 9928520501 | जयपुर, अजमेर |
| 2. | डॉ सी.बी. जैन | 9414783292 | उदयपुर , कोटा |
| 3. | डॉ. पंकज माथुर | 9414336126 | भरतपुर, जोधपुर व बीकानेर |

**यह एक समयबद्ध कार्यक्रम है, कार्यक्रम की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए समस्त सूचनाएं समय पर प्रेषित करवाया जाना सुनिश्चित करें I**

इसे प्रभावी रूप से लागू करने में आपका सक्रिय सहयोग अपेक्षित है I

(प्रदीप कुमार बोरड ,IAS)
आयुक्त कॉलेज शिक्षा

प्रतिलिपि :

1. निजी सचिव, शासन सचिव (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा), राजस्थान सरकार, जयपुर I
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर I
3. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर I
4. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर I
5. नोडल प्राचार्य, **RACE योजना** को भेज कर लेख है कि वे संबधित महाविद्यालयों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करवाते हुए अपने कार्य क्षेत्र में ई-कंटेंट अपलोड करवाना सुनिश्चित करे।
6. समस्त प्रभारी अधिकारी(महाविद्यालय समूह-आकाशि) को भेज कर लेख है कि वे संबन्धित महाविद्यालयों में उक्त योजना को प्रभावी रूप से लागू करने की कार्यवाही करावे।

आयुक्त कॉलेज शिक्षा